Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to establish an airport at Maldah Uttar, West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र माल्दहा उत्तर के विकास एवं सामरिक हित के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी एयरपोर्ट की स्थापना की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा हुआ है, जहां से आवागमन अत्यंत दुरूह होने के कारण व्यापार और आर्थिक गतिविधियां काफी सीमित मात्रा में हो पाती हैं । हमारे यहां से निकटतम हवाई अड्डा 189 किलोमीटर की दूरी पर बागडोगरा में स्थित है, जहां तक जाने में लगभग 7 घंटे का समय लगता है । मेरा संसदीय क्षेत्र एक सीमांत क्षेत्र होने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है । मैं अपने क्षेत्र माल्दहा के विकास के लिए सुरक्षा एवं सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एयरपोर्ट की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं ।